तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 2 फरवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 झारखंड के नशीले इंजेक्शन के मुख्य सप्लायर व पार्टनर्स सहित तीन गिरफ्तार




## खबर संक्षेप

### 20 फीट गहरे कुएं में गिरे तेंदुए की मौत



**बिहारपुर।** रविवार को ग्राम महुली स्थित एक कुएं में तेंदुए का शव मिला है। सूचना पर पहुंचे गुरूघासी दास नेशनल पार्क के वनकर्मियों ने पुलिस की मौजूदगी में शव को जाल के माध्यम से बाहर निकाला एवं पीएम के लिए शव रेंज कार्यालय ले गए। रविवार को अपराह्न 3 बजे खेलने के दौरान बच्चों ने मनरेगा के निर्मित विशाल कुएं में तेंदुए का शव देखा तो परिजन को सूचना दी। परिजन ने मामले की तस्दीक करने के उपरांत गुरु घासीदास नेशनल पार्क अंतर्गत रिहंद रेंज के वन अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना पर शाम 5 बजे वन एवं पुलिस विभाग की टीम पहुंची एवं जाल डालकर तेंदुए का शव बाहर निकाला एवं पीएम के लिए शव रिहंद रेंज कार्यालय ले गए। विलंब होने के कारण रविवार को तेंदुए का पीएम नहीं हो सका। लम्बे समय तक पानी में रहने के कारण तेंदुए का शव फूल गया है। वन अधिकारी भ्रमण के दौरान बीती रात तेंदुए के कुंए में गिरने एवं डूबने से मौत होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। जिस कुएं में तेंदुए का शव मिला है वह मुख्य मार्ग से 100 मीटर दूर है। 20 फीट गहरे कुंए में 5 फीट के नीचे पानी है। कुएं के चारों ओर ढाई फीट ऊंची जगह बनाई गई है। कुंए से 200 मीटर दूर रिहंद रेंज का कार्यालय पास में ही गुरूघासी दास जंगल एवं रोहिना पहाड़ है जहां से तेंदुए के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वन अधिकारी पीएम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होने की बात कह रहे है।

### महुली मोड़ पर पेड़ से टकराया बाइक सवार, मौत



**बिहारपुर।** बीती रात बिहारपुर-उमझर मार्ग स्थित खतरनाक महुली मोड़ पर एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में युवक की मौत हो गई तथा पूरी रात शव सड़क पर पड़ा रहा। सुबह घुमने निकले लोगों ने क्षतिग्रस्त बाइक व युवक का शव देखा तो एंबुलेंस एवं पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान सिंगरौली के ग्राम छतौली निवासी भगवान दास (22 वर्ष) के रूप में की गई है। बिहारपुर-उमझर मार्ग स्थित ग्राम महुली में अंधा मोड़ है जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती है। मोड़ पर न तो संकेतक बोर्ड लगाया गया है न ही स्पीड ब्रेकर बनाया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाइक सवार युवक तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया होगा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है तथा पास ही में युवक का शव पड़ा था। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा उपरांत शव को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मृतक की पहचान सिंगरौली अंतर्गत ग्राम छतौली निवासी भगवान दास के रूप में की गई है तथा मृतक के परिजन को घटना की जानकारी दे दी गई है। मालूम हो कि तीन महीने के भीतर महुली मोड़ पर 5 से अधिक भीषण दुर्घटनाएं एवं दो लोगों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कारगर पहल करने की मांग की।

### फीस विनिमय अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु समिति गठित

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित प्राधिकरण से विधि एवं विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा दिनांक 28 सितम्बर 2020 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनिमय अधिनियम 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला फीस निर्धारण समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में कलेक्टर, सरगुजा को अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति के सदस्यों में जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती अंकिता सिंह, शिक्षाविद आरके सेंगर, विधि विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता मनोज तिवारी, अशासकीय विद्यालयों के अभिभावक तेज राय बेक एवं आनंगपाल दीक्षित, अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधक उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रतापुरनाका, अंबिकापुर के सीपी सिंह तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्य श्रीमती मीरा सिंह को सदस्य नामित किया गया है। जिला फीस निर्धारण समिति द्वारा अशासकीय विद्यालयों में शुल्क निर्धारण एवं विनियमन से संबंधित प्रकरणों का परीक्षण करते हुए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे, जिससे अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## प्रदेश के वित्त मंत्री ने देखा केंद्रीय बजट का प्रसारण, पत्रकारों से की चर्चा

# केंद्रीय बजट से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई गति, अवसरों का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश किया। इस दौरान सरगुजा के सर्किट हाउस में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधर ने प्रबुद्धजन, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, व्यापारिक संगठनों, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ केंद्रीय बजट 2026-27 का सीधा प्रसारण देखा। इसके साथ ही भाजपा कार्यालय में उन्होंने बजट को लेकर पत्रकार वार्ता में अपनी प्रतिक्रिया दी। इस दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार के दूरदर्शी और निर्णायक कदमों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था ने स्थिर विकास, कम मुद्रास्फीति और मजबूत आधार के साथ निरंतर प्रगति की है। सरकार ने अस्पष्टता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, व्यवस्थागत लापरवाहियों में सुधार और लोक-भावनाओं को प्राथमिकता देकर सुशासन की नई मिसाल कायम की है। 2025 के स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद 350 से अधिक सुधारों को लागू किया गया है, जिनमें जीएसटी का सरलीकरण, श्रम संहिताओं की अधिसूचना, गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का युक्तिकरण शामिल है। उन्होंने बताया कि कस्टम प्रक्रिया सरल, सिंगल डिजिटल विंडो, कैंसर सहित 17 दवाओं पर शुल्क छूट, आयातित वस्तुओं पर टैरिफ में कमी जैसे विषय शामिल हैं तथा मोटर दुर्घटना मुआवजा ब्याज कर-मुक्त, एलआरएस के तहत टीसीएस घटाकर 2 प्रतिशत, तकनीकी चूक अपराध की श्रेणी से बाहर, सहकारी समितियों को राहत, एमएटी दर 15 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत का प्रावधान है । वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा, एमएसएमई और मध्यम वर्ग को केंद्र में रखकर बनाया गया है और भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध व विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, महापौर मंजूषा भगत, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, हरपाल सिंह भामरा, विनोद हर्ष, अरुणा सिंह, प्रमुख रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा तथा रवींद्र तिवारी उपस्थित थे।

### आत्मनिर्भर भारत की जीवंत झांकी : राजेश



प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। मैन्युफैक्चरिंग हो या इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य हो या टूरिज्म, गांव हो या शहर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम पंक्ति समेत सभी वर्गों सभी क्षेत्रों के विकास की नई राह खुलेगी। यह बजट 2047 तक विकसित व आत्मनिर्भर भारत की जीवंत झांकी है।

### ग्लोबल भूमिका को कर रहा सशक्त : हरपाल



भाजपा बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने कहा कि यह एक ऐसा यूनिक बजट है, जिसमें फिसकल डेफिसिट कम करने पर फोकस है। इसके साथ बजट में हाई कैपेक्स और हाई ग्रोथ का समन्वय है। यह देश की ग्लोबल भूमिका को नए सिरे सशक्त करता है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, रोजगार सृजन, स्टार्टअप, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत को नई गति देने वाले प्रावधान किए गए हैं।

### वर्तमान की जरूरतों का ध्यानः ललन



पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि सनराइज सेक्टर को जिस मजबूती के साथ महत्व दिया है वह अहम है। रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैन्युफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती हैं। सबका साथ, सबका विकास के साथ यह बजट विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

### बजट से मिलेगी नई गतिः विनोद



जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि हम तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। बजट में गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, व्यापारी, श्रमिक एवं उद्यमियों सभी वर्गों व क्षेत्रों के हितों का समावेश किया गया है।

### विकास को मिलेगी और मजबूती : अनुराग



छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा कि यह बजट मुख्य रूप से विकास को और मजबूती से बल देने वाला बजट है। बजट में टैक्स स्लैब को यथावत रखा गया जो स्वागत योग्य कदम है। लोगों को पहले जो राहत मिली थी वो बरकरार रखेगी। एमएसएमई में रोजगार के विशेष प्रावधान किए गए है। पूजीगत व्यय सबसे ज्यादा इस बार सरकार ने रखा है इससे अधो संरचना विकास को मजबूती मिलेगी।

### रोजगार विकसित करने पर फोकसः अनिल



वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि भारत विस्तार योजना के तहत एआई-इंटीग्रेटेड एडवाइजरी, प्रोडक्टिविटी बढ़ाना, रिस्क कम, एग्री-टेक जॉब्स विकसित करने पर फोकस किया गया है। यह पहल खेती को किस्मत से निकालकर डेटा और एआई आधारित निर्णयों पर लाएगी है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ती है और ग्रामीण युवाओं के लिए एग्री-टेक में नए रोजगार बनते हैं।

### सभी के लिए लाभकारी बजटः मंजूषा



महापौर श्रीमतीं मंजूषा भगत ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट विकासोन्मुख शानदार बजट है। भारत को वैश्विक हब बनाने की दिशा में पहल करते हुए बायोफार्मा शक्ति प्रोजेक्ट की शुरुआत की है जिसमें 5 वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है जो कि एक एतिहासिक कदम है। बजट में महिला सशक्तिकरण पर बल दिया गया है। यह बजट विकसित भारत के सपने को साकार करेगा।

### देश को गति देने वाला बजट : मुकेश



कैट सरगुजा के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि यह देश को गति देने वाला बजट है, सर्वव्यापी जन कल्याणकारी किसानों व्यापारियों सभी के लिए अच्छा बजट में प्रावधान प्रस्तुत किया गया है। सात रेलवे कॉरिडोर से सामानों का आना जाना सुगम होगा, जिससे वस्तुएं सस्ती होगी कैंसर डायबिटीज की दवाइयां में की कीमत घटने से सभी लोगों को लाभ प्राप्त होगा।

### रोजगार के लिए फिर किया निराश : विकल



युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा ने कहा कि युवाओं के रोजगार को लेकर मोदी सरकार का बजट फिर निराश करता है। 2024 के चुनाव के बाद बनी बैसाखी वाली मोदी सरकार ने 1 करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप की घोषणा की थी। 2 साल बीतने के बाद भी इसमें आज तक कुल 10 हजार युवाओं को मौका मिला है। इस बजट में भी इस योजना को धरातल पर उतारने की कोई ठोस नीति नहीं आई है।

### मध्यम वर्ग की परेशानियों को किया नजर अंदाज : लक्ष्मी



कांग्रेस नेता लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि बजट को लेकर आम जनता, मध्यम वर्ग, किसान, युवा, छोटे व्यापारी तथा विशेष रूप से ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक वर्गों में गहरी निराशा है। यह बजट बड़े-बड़े सपनों और घोषणाओं से भरा हुआ है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि इसमें सामाजिक न्याय, रोजगार और महंगाई से राहत का स्पष्ट अभाव है।

### ग्लोबल बायो फार्मा हब बनाने का प्रावधान : नवीन



दवा व्यवसायी नवीन अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में भारत पूरी दुनिया के लगभग 200 से ज्यादा देशों में विभिन्न दवाओं की आपूर्ति करता है ग्लोबल बायो फार्मा हब (बायोफार्मा शक्ति) बनाने के लिए दस हजार करोड़ का प्रावधान कर नई योजना मिल का पत्थर साबित होगी। फार्मा सेक्टरो को फायदा होगा, सभी जिला अस्पतालों में 50 प्रतिशत क्षमता बढ़ाने की योजना से सीधे आम जनता को फायदा होगा।

### सिर्फ जुमले और झूठे दावे हैं : हिमांशु



युवा कांग्रेस के आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने कहा कि आज का बजट नहीं, जनता के साथ खुला विश्वासघात है। यह बजट युवाओं के सपनों, किसानों की मेहनत और मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा हमला है। देश का युवा बेरोजगार है, लेकिन सरकार को सिर्फ अपने पूंजीपति दोस्तों की चिंता है। बजट में रोजगार के नाम पर एक भी ठोस योजना नहीं है, सिर्फ जुमले और झूठे दावे हैं।

### दूरदर्शी सोंच पर आधारित : मनोज



भाजपा मां महामाया मंडल मनोज कंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट दूरदर्शी सोच पर आधारित है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत और तकनीकी सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है यह बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है।

### ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक बजट : आकाश



**राजपुर।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कहा कि बजट ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक है। केंद्रीय बजट में 16वें वित्त आयोग के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो अब तक का एक बड़ा और सराहनीय कदम है। इस राशि से ग्रामीण क्षेत्रों का चहुमुखी विकास सुनिश्चित होगा।

### कॉरपोरेट बजट, छग को कुछ नहीं : मनोज



कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि बजट में छत्तीसगढ़ के गरीबों, किसानों, छात्रों, युवाओं और आदिवासियों के लिए शून्य राहत। किसानों को एमएसपी गारंटी नहीं, पीएम-किसान में कोई बढ़ोतरी नहीं, सिर्फ हाई-वैल्यू क्रॉप्स के नाम पर दिखावा। छात्रों-युवाओं को स्किलिंग-जॉब्स की कोई ठोस गारंटी नहीं, सिर्फ एआई और टेक्नोलॉजी के बड़े-बड़े दावे। कोई नई स्कीम, कोई टैक्स राहत, कोई विशेष पैकेज नहीं।

### विकसित भारत का बजट : अखिलेश




भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्पना को पूरा की दिशा में बजट सदन में प्रस्तुत किया है। यह बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। इस बजट में नारियल, काजू कोको की पैदावार वाले किसानों को प्राथमिकता दी गई है।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : राजवाड़े



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इसे समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने वाला जनहितैषी बजट बताया है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं उद्यमिता को समान रूप से प्राथमिकता देकर देश के सर्वांगीण विकास को नई गति प्रदान की गई है।

### बेहद निराशाजनक बजटः बालकृष्ण



कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पातक ने कहा कि यह बजट भारत के 0.5 प्रतिशत अमीरों का बजट है। किसान, मजदूर, युवा, महिला और मिडिल क्लास के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। बजट में किसान शब्द का उल्लेख भी नहीं है। सरकार चाहती तो किसानों की सहायता राशि को दुगना कर 12000 कर सकती थी। मनरेगा पर कुठाराघात कर मजदूरों के हित को पहले ही कुचला जा चुका है। युवाओं के लिए बजट में न तो रोजगार है।

### समावेशी विकास पर दिया गया जोर : भारत



भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह बजट विकास को आगे बढ़ाने और मध्यम वर्ग की क्षमता बढ़ाने के लिए समर्पित है। बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिसमें समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। इस बजट में सरकार ने मुख्य रूप से कर सुधारों, विनिर्माण और तकनीक पर जोर दिया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है।

### लखपति दीदी बनाने का लक्ष्यः अरुणा



महामंत्री अरुणा सिंह ने कहा है कि बजट 2026 में नारी शक्ति को आर्थिक विकास का स्तंभ माना गया है। स्वयं सहायता समूहों की 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए कौशल विकास और बाजार पहुंच पर ध्यान दिया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल के निर्माण और शिशु गृहों की स्थापना के लिए राज्यों को विशेष अनुदान दिया गया है।

### कौशल एवं उद्यमिता पर केंद्रित : अम्बिकेश


पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी ने कहा कि युवाओं को अमृत पीढ़ी के रूप में संबोधित करते हुए बजट शिक्षा, कौशल और उद्यमिता पर केंद्रित है। शीर्ष 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने का विस्तार किया गया है, जिसमें 5000 मासिक भत्ता शामिल है। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज छूट का प्रावधान और मुद्रा ऋण सीमा के तहत तरुण श्रेणी के तहत ऋण सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया गया है ताकि युवा उद्यमी अपना व्यवसाय बढ़ा सकें।

# जिले में 24 हजार ने दी शिक्षक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को सरगुजा में में छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट-2026) का आयोजन किया गया। यह परिक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। दोनों ही पालियों में हुई परीक्षाओं में अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

दो पालियों में हुई परीक्षा में 24013 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जबकि 2319 अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा के बाद शहर की सड़कें जाम हो गई। बता दें कि व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया। प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12.15 तक कुल 24 केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा के लिए कुल 9,416 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिनमें से 8429 शामिल हुए जबकि 987 अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में जिले के 49 परीक्षा केन्द्रों में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु अपरान्ह 3 बजे से 5.45 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 16 हजार 916 अभ्यर्थी शामिल पंजीकृत थे। देर शाम तक चली परीक्षा में 15 हजार 584 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 1332 अनुपस्थित रहे। बड़ी बात यह है कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।



### शहर में लगा जाम, लोग हुए हलाकान

रविवार को शहर में आयोजित की गई टेट परीक्षा के लिए जिलेभर से अभ्यर्थी और उनके परिजन पहुंचे हुए थे। लोग दूर दराज के क्षेत्रों से चार पहिया वाहनों से परीक्षा केंद्र पहुंचे थे और शाम को परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी एक साथ केन्द्रों से निकले जिसके बाद शहर में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। शहर के प्रमुख मार्गो के साथ ही छोटी छोटी गलियों, रिंग रोड सभी जगह वाहनों की कतार देखने को मिली जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान सड़क पर वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित होगी नजर आई।

# यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज ने निकाली रैली, केंद्र सरकार पर बोला हमला

■ आम सभा में दी उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

**अम्बिकापुर।** केंद्र सरकार द्वारा पारित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग बिल के विरोध में सवर्ण समाज ने विरोध प्रदर्शन किया तथा रैली निकालकर आमसभा की। यूजीसी बिल के विरोध में समाज ने नगर बंद का अह्वान किया था। अह्वान पर दोपहर तक शहर की सभी दुकाने बंद रही।

केंद्र सरकार द्वारा पारित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग बिल से सवर्ण समाज आक्रोशित है तथा बिल को समाज को बांटने का षडयंत्र बता रहा है। रविवार को सुबह सवर्ण समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि सुबह 10 बजे राम मंदिर में एकत्र हुए तथा पूजा-अर्चना एवं स्वास्ति वाचन उपरांत बिल के विरोध में रैली निकाली। रैली जयस्तम्भ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज मार्ग का भ्रमण करते हुए घड़ी चौक पहुंची जहां आमसभा कर समाज के प्रतिनिधियों ने इसके विस्तार की जानकारी दी। रैली में सभी सवर्ण समाज के प्रतिनिधि अपने हाथों में बिल विरोधी तख्तियां लेकर बिल को वापस लेने का नारा लगा रहे थे। आम सभा में प्रतिनिधियों ने बिल के माध्यम से सवर्ण समाज को बांटने एवं उनके बच्चों व शिक्षकों को प्रताड़ित करने का केंद्र सरकार का षडयंत्र बताया एवं बिल की जमकर आलोचना की। वक्ताओं ने सामाजिक एकता को इसी तरह बनाए रखने के साथ ही भविष्य में लोगों को उग्र आंदोलन करने के लिए तैयार रहने का अह्वान किया तथा कहा कि केंद्र सरकार बिल वापस नहीं लेती तो भविष्य में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सवर्णों के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित 10 फीसदी आरक्षण को छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की मांग की गई।





# अनुराग कश्यप के हाथ लगी चिरंजीवी की फिल्म

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' की सफलता का जश्न मना रहे हैं जिसे दर्शकों के साथ-साथ सितारों ने भी सराहा है। इस सफलता के बीच अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म भी तय कर ली है जिसका आधिकारिक ऐलान जल्द होगा। दावा किया गया है कि चिरंजीवी की इस फिल्म में बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चिरजींवी अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक बॉबी के साथ जुड़ रहे हैं जिसका आधिकारिक शुभारंभ फरवरी में होगा।

## लाइफ Style



# श्रद्धा
## दोबारा शुरू की 'ईथा' की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म 'ईथा' को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा।

निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। एक सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। 1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली 'ईथा' फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## हॉलीवुड मसाला



# फास्ट एंड फ्यूरियस 11 को मिला नाम

**लॉस एंजेलिस।** रफ्तार और एक्शन से सजी दुनिया की सबसे बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के आखिरी अध्याय का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सीरीज के मुख्य अभिनेता विन डीजल ने अपनी अगली फिल्म के नाम और रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फ्रेंचाइजी की 11वीं फिल्म न केवल पुरानी यादों को ताजा करेगी, बल्कि अभिनेता पॉल वॉकर की विरासत को भी सलाम करेगी। फ्रेंचाइजी के निर्माता और मुख्य अभिनेता विन डीजल ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि 'फास्ट फॉरएवर' 17 मार्च, 2028 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।




# नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' के बोल्ड सीन को लेकर क्या बोलीं

**लॉस एंजेलिस।** मार्गोट रॉबी की नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' चर्चा में है। यह फिल्म एमिली ब्रोंटे के क्लासिक उपनास पर आधारित है। फिल्म में मार्गोट रॉबी और जैकब एलोर्डी की जोड़ी दिख रही है। फिल्म का निर्देशन एमराल्ड फेनेल ने किया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म के बोल्ड दृश्यों पर बहस हो रही है। रॉबी ने लॉस एंजेलिस में हुए फिल्म प्रीमियर के दौरान कहा कि इंटिमेट सीन की शूटिंग अन्य दृश्यों जैसी ही थी। इसके लिए उन्होंने कोई विशेष तैयारी नहीं की थी। मार्गोट रॉबी ने कहा कि यह फिल्म सभी से भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगती है। उनके किरदार को हर सीन में रोना पड़ता है पर उन्हें यह भूमिका निभाना बहुत पसंद आया। एक ही पल में भावनाओं का बदलना उन्हें चुनौतीपूर्ण लगा। फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह तारीख वैलेंटाइन्स डे के सप्ताह के साथ मेल खाती है।



# साई की एक्टिंग पर फिदा हुए दर्शक

**मुंबई।** एक बिल्कुल जादुई, सौम्य और क्लासिक प्रेम कहानी को दर्शाते हुए, आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन का टीज़र जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान की प्यारी, सहज और नई जोड़ी नजर आ रही है। टीज़र इस खूबसूरत प्रेम कथा की मनमोहक झलकियों से भरा हुआ है, जो दर्शकों के लिए किसी खास तोहफे से कम नहीं है। खास बात यह है कि इसी फिल्म के जरिए साई पल्लवी हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू कर रही हैं और पहली ही झलक में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। बता दें कि जैसे ही एक दिन का टीज़र रिलीज़ हुआ, सोशल मीडिया पर साई पल्लवी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी देश की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# रानी पहुंची सिद्धिविनायक बप्पा के किए दर्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मर्दानी 3' का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। दर्शकों को अपराध की दुनिया से रूबरू कराने के लिए यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। सोशल मीडिया पर इसे फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की भर-भरकर तारीफें मिल रही हैं। इस बीच, रानी ने मुंबई के प्रिसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर हाजिरी लगाई है। यहा उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की। भाई राम मुखर्जी के साथ मंदिर पहुंची रानी सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में रानी सिद्धिविनायक मंदिर में जाती नजर आईं। उन्होंने क्रीम रंग का साधारण का सूट पहन रखा है और अपने सिर को दुपट्टे से ढ़क रखा है। उनके साथ भाई राम मुखर्जी भी मौजूद रहे।

## टीवी मसाला




# 'द 50' के मेकर्स का धमाका: घर बैठे बिठाए जीतें 50 लाख रुपए

**मुंबई।** बिग बॉस खत्म होने के बाद भी दर्शकों को बोर होने का एक पल भी नहीं मिलेगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स जल्द ही अपने नए रियलिटी शो 'द 50' के साथ वापस आ रहे हैं। इस शो में 15 या 16 नहीं, बल्कि पूरे 50 सेलिब्रिटी एक ही हवेली में साथ रहेंगे। दस शो को लेकर फैंस के लिए कुछ रोमांचक खबर है जो उन्हें खुशी से झूमने पर मजबूर कर देगी। सिर्फ़ स्टार्स ही नहीं, बल्कि फैंस को भी 50 लाख रुपये जीतने का मौका मिलेगा। ये है मोहब्बतें' के रमन भल्ला के नाम से मशहूर करण पटेल ने वीडियो में विस्तार से बताया है कि फैंस को 50 लाख रुपये जीतने का मौका कैसे मिल सकता है। वीडियो में लव कटारिया से लेकर फैजू और मनीषा रानी तक, सभी कहते हैं, मैं 'द लायन' की हवेली में जा रहा हूं, कुल 50 सेलिब्रिटी हैं। करण पटेल के वीडियो से यह साफ है कि जो भी जीतेगा, उसके फैंस को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

***आज से शुरू हो रहा शो :*** रियलिटी शो द 50 1 फरवरी से, यानी आज से तीन दिन बाद, रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे कलर्स पर प्रसारित होगा। शो में कुल 50 सेलिब्रिटी हिस्सा लेंगे, जिनमें रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, दिग्विजय राठी, फैसल शेख, दिव्या अग्रवाल, प्रिंस नरूला, युविका चौधरी, शिव ठाकरे, रजत दलाल, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, मोनालिसा, विक्रांत सिंह राजपूत, शाइनी दोशी, डिनो जेम्स, लवकेश कटारिया, कृष्णा श्रॉफ और अर्चना गौतम शामिल हैं।

# शादी पर बोलीं बबीता जी होना होगी तो हो जाएगी



तारक मेहता का उल्टा चश्मा फैंस के बीच एक पसंदीदा शो है। इस शो ने कई चेहरों को पॉपुलर बनाया है, और मुनमुन दत्ता उनमें से एक हैं। मुनमुन शो में बबीता जी का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हो गई हैं। मुनमुन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन वह अफवाहों पर कम ही रिएक्ट करती हैं। पहली बार मुनमुन ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन दत्ता से जब पूछा गया कि क्या वह शादी करना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे प्यार पसंद है लेकिन मुझे अभी यह साफ नहीं है कि मैं शादी करना चाहती हूं या नहीं। अगर यह मेरी किस्मत में होगा, तो हो जाएगा। मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो शादी के पीछे भागती है।

# 'चांद मेरा दिल' में इश्क लड़ाएंगे लक्ष्य और अनन्या

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक बार फिर रूहानी और म्यूजिकल रोमांस का दौर लौटने वाला है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। फिल्म 'किल' से अपनी जबरदस्त पहचान बनाने वाले अभिनेता लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार पर्दे पर एक-दूसरे के साथ इश्क लड़ाते नजर आएंगे। विवेक सोनी के निर्देशन में बन रही ये लव स्टोरी दर्शकों के बीच कब आ रही है, आइए जानते हैं।



***सिनेमाघरों में आ रही 8 मई को :*** धर्मा प्रोडक्शंस बड़े पर्दे पर प्यार की एक ऐसी दास्तां ला रहा है, जिसे सिर्फ देखा नहीं, बल्कि महसूस किया जा सकेगा। निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है कि अनन्या और लक्ष्य अभिनीत 'चांद मेरा दिल' 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इन लव स्टोरी में संगीत कहानी की रूह बनकर उभरेगा। एक भव्य रोमांटिक अनुभव के रूप में पेश की जा रही ये फिल्म दर्शकों को जज्बातों के एक गहरे सफर पर ले जाने का वादा करती है।

### *पिछले साल आने वाली थी यह फिल्म*

*ये फिल्म अक्षय कुमार और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों की फिल्मों से ठीक 1 हफ्ते पहले रिलीज हो रही है। एक ओर अक्षय 15 मई को फिल्म 'भूत बंगला' लेकर आ रहे हैं और इसी दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' पर्दे पर आ रही है। पहले 'चांद मेरा दिल' पिछले साल रिलीज होने वाली थी। फिर इसे टालकर 10 अप्रैल ,2026 किया गया। अब आखिरकार निर्माताओं ने 8 मई, 2026 की तारीख तय की है।*

# 'भूत पुलिस 2' के लिए निर्देशक प्रियदर्शन ने वसूली मोटी फीस, इस बार दिखेंगे नए चेहरे

**मुंबई।** सैफ अली खान, अर्जुन कपूर, जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' 2021 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया था जिसे लोगों ने ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी। अब इस फिल्म का सीक्वल चर्चा में है जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी प्रियदर्शन ने उठाई है। उन्हें 'हेरा फेरी' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि 'भूत पुलिस 2' के लिए के लिए प्रियदर्शन ने मोटी फीस वसूली है।



***'भूत पुलिस 2' पर काम शुरू, प्रियदर्शन की फीस का खुलासा :*** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत पुलिस 2' पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके निर्देशन के लिए प्रियदर्शन को चुना गया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रियदर्शन इस सीक्वल का निर्देशन करने के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि पहली किस्त की तरह सीक्वल भी हॉरर-कॉमेडी जॉनर को बरकरार रखेगा लेकिन कास्टिंग में बड़ा बदलाव होगा। सैफ और अर्जुन की बजाए नई जोड़ी पर दांव लगेगा।

**2026 के आखिर में शुरू हो सकती है शूटिंग :** सूत्र ने आगे कहा, विचार यह है कि एक नई जोड़ी के साथ इस फ्रैंचाइज को नया रूप दिया जाए। निर्माता 2 अभिनेताओं पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया और प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के बाद, शूटिंग इस साल के आखिर तक शुरू होने की उम्मीद है। प्रियदर्शन सीक्वल को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, प्रियदर्शन आगामी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं जिसमें अक्षय कुमार और सैफ अली नजर आएंगे।


## डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई

# 'धुरंधर' के ओटीटी वर्जन पर मचा बवाल, निर्माताओं ने किया बदलाव से इनकार

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कमाई करने के बाद रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है, लेकिन इसके साथ ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि फिल्म का ओटीटी वर्जन थिएटर वर्जन से करीब 9 मिनट छोटा है, जिसके बाद इंटरनेट पर फिल्म में कांट-छांट को लेकर हंगामा मच गया। हालांकि, अब फिल्म के निर्माताओं ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

### 9 मिनट कम रनटाइम से मचा बवाल

निर्माताओं के मुताबिक, फिल्म को बिना किसी कट के प्रस्तावित किया गया था, जिससे ओटीटी वर्जन में कांट-छांट को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। सूत्र ने आगे बताया कि प्रोडक्शन टीम ने नेटफ्लिक्स के आदेश और आवश्यकताओं के अनुसार ही काम किया है। दरअसल, कुछ दर्शकों ने दावा किया था कि नेटफ्लिक्स पर 'धुरंधर' का रनटाइम 3 घंटे 25 मिनट है, जो इसके मूल सिनेमाई रनटाइम (3 घंटे 34 मिनट) से 9 मिनट कम है।



### सोशल मीडिया पर भड़का था फैंस का गुस्सा

लगभग 9-10 मिनट की इस कटौती और गाली वाले डायलॉग्स पर कैंची चलने से फैंस भड़क गए थे। सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कह रहे हैं कि 18+ प्लेटफॉर्म होने के बावजूद फिल्म को सेंसर करने का कोई तुक नहीं है। फैंस के बढ़ते गुस्से और अटकलों को देखते हुए आखिरकार निर्माताओं को सामने आकर सफाई देनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई है।

### नेटफ्लिक्स को बिना किसी कट के सौंपी गई 'धुरंधर'- निर्माता

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्रों ने विशेष रूप से पुष्टि की है कि निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को जो वर्जन सौंपा है, उसमें कोई भी कांट-छांट नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि 'धुरंधर' के निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स रिलीज के लिए बिना किसी कट या एडिट के फिल्म पेश की की है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया ये वर्जन नेटफ्लिक्स की सभी शर्तों और अनिवार्यताओं का पूरी तरह से पालन करता है।

### 'धुरंधर' में देशभक्ति का तड़का

बता दें कि एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे बड़े सितारे भी नजर आए हैं। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक बड़े जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें भारतीय खुफिया एजेंसी के जांबाज अधिकारियों की वीरता को दिखाया गया है, जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय साजिश को नाकाम करते हैं।

## खबर संक्षेप

### टॉप मेकअप आर्टिस्ट सरगुजा में पूनम ने हासिल की जीत

**बलरामपुर।** फैशन अफिनिटी द्वारा आयोजित टॉप मेकअप आर्टिस्ट कॉन्टेस्ट सीजन 13 के जिला स्तरीय ग्रैंड फिनाले में बलरामपुर की प्रतिभाशाली मेकअप कलाकार पूनम अधिकारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया है। अम्बिकापुर के होटल में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूनम ने अपनी कलात्मक कुशलता, रंगों की समझ और तकनीकी निपुणता से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। इस जीत के साथ ही पूनम अधिकारी का चयन फैशन अफिनिटी के राज्य स्तरीय टॉप मेकअप आर्टिस्ट ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अप्रैल-मई 2026 में राजधानी रायपुर में आयोजित की जाएगी, जहां वह पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में बलरामपुर जिले और सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### सहकारी समिति के संचालक मंडल की बैठक 3 को

**बलरामपुर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के संचालक मंडल की बैठक 3 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे समय-सीमा की बैठक पश्चात कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आहूत की गई है। कलेक्टर एवं जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति अध्यक्ष राजेन्द्र कटारा ने सभी सदस्यों को निर्धारित समयावधि में उपस्थित होने को कहा है। उक्त बैठक में वर्ष 2023-24 व 2024-25 व वर्ष 2025-26 का लेखा अंकेक्षण सीए बैंक प्रवर्तित योजनाओ में बैंक शाखाओं को अनुदान राशि जारी किये जाने संबंध में अनुमोदन, सेटअप स्वीकृति किये जाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर अनुमोदन किया जाएगा।

### हत्या के बाद दफनाया गया था शव, हुई शिनाख्त

**बलरामपुर।** सेंदुर नदी में मिले व्यक्ति के शव की शिनाख्त कर ली गई है। मृतक रायगढ़ जिले का रहने वाला था और उसकी कर शव को नदी में दफन किया गया था। इस लिए पुलिस अब मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बता दें कि 30 जनवरी की शाम कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम सतीसमर सेंदुर नदी में रेत के नीचे दबा हुआ एक शव ग्रामीणों ने देखा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शुकवार की सुबह शव को पीएम के लिए भेजा गया इसके साथ ही मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के लैलूंगा सलिया पारा निवासी 51 वर्षीय विश्वनाथ केरकेट्टा आ. स्व. लोहार साय केरकेट्टा के रूप में की गई है। मृतक की हत्या कर शव को दफन किया गया था इसलिए पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक दो युवकों की मौके पर मौत

**रामानुजनगर।** धान मंडी से काम कर घर लौट रहे बाइक सवार जगतपुर में सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मदनपुर निवासी अंबे लाल आ. मनोरंजन लाल (35 वर्ष) व सुरेश कुमार आ. बाबू लाल (25 वर्ष) दोनों राम तीरथ धान मंडी में काम करते थे। हर रोज की भांति बीत रात धान मंडी से काम कर बाइक से वापस लौट रहे थे।

## आम बजट पर हरिभूमि ने जानी भाजपा-कांग्रेस नेताओं की राय

# आमबजट में सभी वर्गों का रखा गया ख्याल
# कांग्रेस बोली- केवल पूंजीपतियों को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को बजट पेश किया गया। केन्द्र की बजट को लेकर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किए। भाजपा ने केन्द्र के बजट को रोजगारपरख, विकासोन्मुखी तथा गरीबों के कल्याण का बजट बताया, तो वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने गरीबी बढ़ाने, आर्थिक विकास को धीमा करने तथा पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला बजट बताया। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को लेकर कोरिया एवं एमसीबी जिले के राजनीतिक हलकों में तीखी और मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इसे लेकर हरिभूमि ने सभी लोगों की राय जानी।




### चहुंओर बहेगी विकास की गंगा



विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट आर्थिक विकास ओर विकसीत भारत के भविष्य के तैयारियों पर आधारित है। इसमें युवाओं, किसानों गरीबों के विकास को लेकर पारित किया गया है। केन्द्र का बजट किसानों से लेकर कर्मचारियों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया। बजट में टेक्स स्लेब में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया। गरीब मध्यम वर्ग सभी के हितों का ध्यान रखा गया है।

### सभी के हितों वाला है बजट



नगर पालिका शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि केन्द्र का प्रस्तुत बजट सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बजट है। देश के सर्वांगीण विकास वाला बजट है, इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। केन्द्र सरकार का बजट विकास को रफ्तार देने वाला बजट है, इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, युवाओं के कौशल, किसानों के हितों का ध्यान रखने के साथ महिलाओं के उत्थान वाला बजट बताया।

### सभी वर्गों का होगा कल्याण

भाजपा नेता अनिल साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट देश के भविष्य का बजट है। युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के कल्याण का बजट है, इसमें इन सभी वर्गो के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। इन्होने देश के सर्वांगीण विकास का बजट बताया। युवाओं, महिलाओं सहित सभी व वर्ग के विकास का बजट बताया।



### विकासोन्मुखी बजट है



भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विकासोन्मुखी बजट है। इसमें सभी वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखकर बनाया गया है। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, युवाओं के कौशल के साथ रोजगार बढ़ाने वाला बजट है। शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अच्छा प्रावधान है।

### मध्यम वर्ग को मिलेगी राहत



प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार ने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत की सोच साफ दिखाई देती है। मध्यम वर्ग को राहत, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में निवेश तथा नगरीय विकास पर फोकस से शहरों का सर्वांगीण विकास होगा। इससे मनेन्द्रगढ़ के व्यापारिक केन्द्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

### देश को मिलेगा बड़ा लाभ





भाजपा पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल और सुरेश श्रीवास्तव पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बजट की बड़ी उपलब्धि बताया। भाजपा नेता रजनीश पाण्डेय ने कहा कि यह बजट राजनीतिक नहीं बल्कि राष्टीय हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिससे आने वाले वर्षों में देश को बड़ा लाभ मिलेगा

### विकासोन्मुखी बजट है



सभी वर्गों का रखा गया ख्याल नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसानों और युवाओं को समर्पित है। इसमें बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और नगरीय विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे शहरों और नगर पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा।

### संतुलित बजट है



नगर पंचायत अध्यक्ष रीमा रमेश यादव एवं वीरेन्द्र सिंह राणा ने बजट को संतुलित बताते हुए कहा कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवंटन बढ़ाया जाना स्वागतयोग्य है, इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### क्षेत्र में विकास को मिलेगी रफ्तार



महापौर रामनरेश राय ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, रेल और शहरी सुविधाओं पर जोर मनेन्द्रगढ़ जैसे क्षेत्रों के विकास को गति देगा।

### अर्थव्यवस्था मजबूत होगी



पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव ने बजट को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट है।

### स्वास्थ्य मंत्री बोले- मील का पत्थर साबित होगा बजट

केन्द्रीय बजट 2026 को चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह बजट देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लिए गए दूरदर्शी निर्णयों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि बजट में औषधि प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना का निर्णय दवा निर्माण और गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाएगा। आयुष सेक्टर को सशक्त करते हुए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक पहचान मिलेगी। कोविड-19 के बाद आयुर्वेद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए आयुर्वेद उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जाएंगे। बजट में केयर इकोसिस्टम को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। भारत को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से राज्यों को सहयोग देकर देश में पांच रीजनल मेडिकल टूरिज्म हब स्थापित करने की योजना प्रस्तावित की गई है। इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, बल्कि रोजगार और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं को अपग्रेड किया जाएगा तथा बायोफार्मा सेक्टर में 10 हजार करोड़ रूपए के निवेश का प्रावधान किया गया है। बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब विकसित करने पर भी विशेष जोर रहेगा, जिससे गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी और देश आत्मनिर्भर बनेगा। बजट में जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का निर्णय लिया गया है। सभी जिलों में आपातकालीन एवं ट्रॉमा सेंटर खोले जाएंगे, इससे आम जनता को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। पशु-चिकित्सा क्षेत्र को भी बजट में नई मजबूती दी गई है। इस क्षेत्र में पेशेवरों की संख्या बढ़ाने और निजी क्षेत्र में पशु चिकित्सा को प्रोत्साहन देने के लिए पूंजी सब्सिडी सहायता योजना लाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बजट के तहत कैंसर की 17 दवाएं, शुगर की दवाएं, गंभीर रोगों की दवाइयां तथा 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती की गई हैं, जिससे मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।



### केन्द्रीय बजट से हर परिवार होगा लाभ- चंपा देवी

**मनेन्द्रगढ़।** संसद में प्रस्तुत किए गए केन्द्रीय बजट को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## कांग्रेस की प्रतिक्रिया

### सभी वर्गों के साथ किया गया धोखा



केन्द्रीय बजट पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के साथ धोखा है। महंगाई और बेरोजगारी पर कोई राहत नहीं, मनरेगा और किसानों की अनदेखी की गई है। यह बजट आम जनता का नहीं, बल्कि चंद पूंजीपतियों का बजट है। कांग्रेस पार्टी इसका हर स्तर पर विरोध करेगी।

### बजट निराशाजनक है



कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने केन्द्र के बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केन्द्र का यह बजट देश गरीब, किसानों, युवाओं के लिए निराशाजनक बजट है। यह बजट पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला बजट है। आज प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए कुछ नया नहीं है और न ही युवाओं महिलाओं के हितों को ध्यान में रखा गया है। इन्होने विकास को बाधा पहुंचाने वाला बजट बताया।

### पूंजीपतियों को विकसित करने वाला बजट



सांसद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का बजट विकास को धीमा करने वाला पूंजीपतियों को विकसित करने वाला बजट है। गरीब किसानों का इस बजट में ध्यान नहीं रखा गया। बजट में बेरोजगारों के लिए निराशाजनक है। वहीं किसानों के हितों का भी ध्यान नहीं रखा गया और न ही देश के विकास को गति देने वाला भी नहीं है।

### उम्मीदों के विपरीत है बजट



पूर्व नपाध्यक्ष एवं कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि केन्द्र का बजट को लेकर जिस तरह की उम्मीद लोगों में थी वह उम्मीदों के विपरीत प्रस्तुत किया गया। गरीब, किसान युवाओं व महिलाओं के विकास के लिए बजट में कुछ भी खास नहीं है।

### कोई ठोस घोषणा नहीं



वहीं कांग्रेस की ओर से बजट की कड़ी आलोचना की गई। कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने कहा कि बजट में आम आदमी को राहत देने के बजाए बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया गया है। महंगाई, गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर कोई ठोस घोषणा नहीं की गई।

### विकसित भारत के निर्माण का बजटः रामसेवक

भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़, बैकुंठपुर में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट भाषण का लाईव प्रसारण मुख्य आतिथ्य वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में सुना गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, रविशंकर राजवाड़े, राजेश सिंह, चुन्नी पैकरा, जिपं अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिपं उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नपा अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपं अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, कृष्णावती यादव, राजेन्द्र चक्रधारी, मंजू जिवनानी, तीरथ राजवाड़े, जगनारयण साहू, राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट 2026-27 बजट पीएम मोदी के नेतृत्व में कई तरह के बदलाव किए गए हैं। विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि भारत अब विकसित भारत की दिशा में विश्वास से भरे कदम आगे बढ़ा रहा है और यह यात्रा निरंतर जारी रहेगा।




### देश के लिए बहुआयामी बजटः शारदा

भारत सरकार द्वारा देश के बहुआयामी विकास के लिए विस्तृत खाखा निर्मित करते हुए अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में सुदृढ़ता बनाए रखकर आर्थिक विकास में तेजी लाने और उसे बनाए रखने के लिए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उनकी क्षमताओं का विकास करने के लिए और सार्थक भागीदारी के साथ प्रत्येक परिवार, समुदाय, धर्म और क्षेत्र की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए नवीन बजट प्रस्तुत किया गया है। नए और जरूरी क्षेत्रों में उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी। पुराने पड़ चुके औद्योगिक क्षेत्र दोबारा जीवित होंगे।



### बजट सकारात्मक दिशा में

केन्द्रीय बजट को लेकर छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन एवं प्रदेश मंत्री संजिव ताम्रकार ने बजट का स्वागत करते हुए इसे व्यापार, उद्योग और मध्यम वर्ग के लिए सकारात्मक दिशा में उठाया गया मजबूत कदम बताया है। श्री जैन ने कहा कि केन्द्रीय बजट में एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप्स और लघु व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दी गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रेल, सड़क और लॉजिस्टिक्स पर बढ़े निवेश से व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, जिससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन-देन, टैक्स प्रणाली में सरलीकरण और उद्योग अनुकूल नीतियां व्यापारियों का भरोसा बढ़ाने वाली हैं।



### भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बने अभिषेक गुप्ता

**भैयाथान।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। भैयाथान मंडल अध्यक्ष के रूप में अभिषेक गुप्ता को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंडल के नेताओं के साथ बैठक कर जल्द ही मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

### गांधी जी की पुण्यतिथि पर सर्व समाज एकता मंच का व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** सर्व समाज एकता मंच द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर होलीक्रॉस हायर सेकेण्डरी स्कूल में व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम में फादर थियोडोर ने कहा कि गांधी कभी मरे ही नहीं, वह हमेशा से जिंदा है। उन्हें मारने की कोशिश की जाती है। पर विचारों की हत्या नहीं की जा सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने साउथ अफ्रीका में महात्मा गांधी के व्यक्तित्व में आए बदलाव की जानकारी दी तथा कहा कि वहां के अन्याय और भेदभाव से गांधी का मन व्यथित हो उठा और उन्होंने पहला सत्याग्रह अफ्रीका में किया। यह सत्याग्रह 8 साल चला और अंत में वहां की सरकार को झुकना पड़ा और इंसान का इंसान से भेद करने वाले काले कानून वापस लेने पड़े। चरनप्रीत ने कहा कि गांधी का अन्याय के खिलाफ सबसे बड़ा शस्त्र सत्याग्रह था, जिसने फासीवादी अंग्रेज सरकार की जड़े खोद दी थी। भूख हड़ताल, असहयोग और अहिंसा से ही अन्याय का मुकाबला किया जा सकता है। गांधी ने हिंदू-मुस्लिम एकता स्थापित की। उनकी प्रार्थना सभा में कुरान की आयतें और गीता के श्लोक दोनों पढ़े जाते थे।































## खबर संक्षेप

### राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में निकली भव्य शोभायात्रा



**सीतापुर।** नगर में नवनिर्मित राम मंदिर में राम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर से निकली यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बीआरसी भवन के बाजू में नव निर्मित राम मंदिर पहुंची जहां राम जानकी की आरती पूजन के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में आयोजित भंडारे में शामिल होकर लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।विदित हो कि नवनिर्मित राम मंदिर में राम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन तीन बजे से शुरू होने वाला श्रीराम कथा 1 फरवरी से 13 फरवरी तक अनवरत जारी रहेगा। यज्ञाचार्य पंडित रितेश तिवारी एवं कथा व्यास पंडित अवधेश तिवारी महाराज द्वारा श्रीराम के जीवनी पर आधारित कथा का वाचन किया जाएगा। 14 फरवरी को पूर्णाहुति महाआरती एवं महाभण्डारे का आयोजन किया जाएगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पूजन एवं रुद्राभिषेक के साथ श्रीराम कथा महा यज्ञ का सामान किया जाएगा।

### नूप बने जिला भाजपा युवा मोर्चा के नीति एवं अनुसंधान सह प्रमुख



**सोनगरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा को मजबूती देने की दिशा में प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के सहमति से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में ग्राम राई, भटगांव मंडल निवासी अनूप जायसवाल को जिला भाजयुमो नीति एवं अनुसंधान सहप्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी है।

### सरगुजा ओलंपिक में खम्हरिया के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**डांडगांव।** सरगुजा ओलम्पिक के तहत आयोजित विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के गोला फेंक जूनियर बालिका में प्रथम चंचल, द्वितीय रोशनी और अनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल जूनियर बालक में कक्षा 11वीं के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल सीनियर बालक विद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही। फुटबॉल जूनियर बालिका में प्रथम तथा फुटबॉल सीनियर में द्वितीय कराटे में खिलाड़ियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कराटे सीनियर बालिका रिंकू सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन जूनियर बालक एवं बालिका प्रतीक कुमार प्रथम और वृंदा राजवाड़े द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील सिंह ने खिलाड़ियों, विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### भाजयुमो शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष बने अंकित



**बिश्रामपुर।** भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। इसी क्रम में शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष के रूप में अंकित दुबे की नियुक्ति की गई है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### भाजयुमो जिला कार्यकारिणी में अनुराग बने जिला कार्यसमिति सदस्य



**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

## निधन

### राजेन्द्र गुप्ता



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी एवं सेवानिवृत्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र गुप्ता का 75 वर्ष की आयु में शनिवार की शाम हृदय गति रुकने से निधन हो गया। श्री गुप्ता का अंतिम संस्कार आज नगर स्थित मुक्ति धाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन के अलावा नगरवासी, जनप्रतिनिधि एवं परिचित शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। अपने कार्यकाल के दौरान श्री गुप्ता ने नगर के विकास एवं प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

---

#### सरगुजा संभाग के अलग अलग क्षेत्र में खपाते थे नशीले इंजेक्शन

# झारखंड के नशीले इंजेक्शन के मुख्य सप्लायर व पार्टनर्स सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने झारखंड के नशीले इंजेक्शन के मुख्य सप्लायर एवं पाटनर्स सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने न सिर्फ मुख्य सप्लायर व पार्टनर को पकड़ा बल्कि उनके पास से 7.50 लाख कीमत के 15 सौ नशीले इंजेक्शन जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश कर रिमांड में लिया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में बतौली क्षेत्र में गश्त पर जाने के दौरान ही 30 जनवरी को गोदरमाना झारखंड निवासी अनूप गुप्ता एवं बतौली निवासी विनय गुप्ता को संदिग्ध हालत में देख पकड़ा था। टीम ने आरोपियों के पास से 6 लाख कीमत की 12 सौ नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया था। साथ ही दोनों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कराया था। जेल दाखिल कराने से पूर्व आरोपी अनूप गुप्ता ने बताया था कि नशीला इंजेक्शन गढ़वा जिले के रंजीत विश्वकर्मा से खरीदता है जो झारखंड का मुख्य सप्लायर है। रंजीत विश्वकर्मा अपने पार्टनर्स मंजूर अंसारी और प्रमोद कुमार सरगुजा संभाग के अलग अलग क्षेत्र में रंजीत विश्वकर्मा के नशीले इंजेक्शन की सप्लाई करने का काम करते हैं। इधर झारखंड के मुख्य सप्लायर की जानकारी लगते ही तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने डीआईजी राजेश अग्रवाल मिलकर साइबर सेल की मदद मांगी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी राजेश गुप्ता ने हर संभव मदद करने की बात कही। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। साइबर सेल की मदद से गढ़वा के तीनों आरोपी रंजीत विश्वकर्मा, मंजूर अंसारी एवं प्रमोद का मोबाइल लोकेशन ट्रेस हुआ और पता चला कि तीनो पलटन घाट रामानुजगंज में है। संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर दबिश देकर आरोपियों को धर दबोचा और आरोपियों के पास से 7.50 लाख कीमत की 15 सौ नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम तीनों आरोपियों को पूर्व में पकड़े गए अनूप गुप्ता एवं विनय गुप्ता के अपराध में भी गिरफ्तार किया गया तथा पृथक से भी एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी, 29 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय रामानुजगंज में पेश कर रिमांड में लिया है। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी इंद्रबली मारकंडे के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई.। कार्रवाई में साइबर सेल के अजीत मिश्रा, भोजराज पासवान, जितेश साहू, विकास सिन्हा,लीना तिर्की एवं आबकारी उड़नदस्ता टीम के अशोक सोनी, गणेश पांडे, रणविजय सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्रावती एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

### संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने 7.50 लाख कीमत इंजेक्शन किया जब्त



#### साइबर सेल के बिना पकड़ा नही था संभव

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि साइबर सेल की मदद के बिना सिर्फ 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार करना संभव नहीं था। झारखंड के गढ़वा क्षेत्र के मुख्य सप्लायर एवं पार्टनर को 7 लाख 50 हजार कीमत की नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा उड़नदस्ता टीम की बहुत बड़ी सफलता है। रंजीत विश्वकर्मा गढ़वा जिले का सबसे बड़ा नशीले इंजेक्शन का सप्लायर माना जाता है। रंजीत विश्वकर्मा एवं उसके साथियों को गिरफ्तार करना हम लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि है। आरोपी अनूप गुप्ता ने यह भी बताया था कि यदि रंजीत विश्वकर्मा गिरफ्तार हो जाता है तो लगभग छत्तीसगढ़ में नशीले इंजेक्शन के व्यापार पर 50 प्रतिशत अंकुश लग जाएगा।

#### दो दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम की दो दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई है। 30 जनवरी को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम बतौली क्षेत्र में गश्त पर जाने के दौरान ही 6 लाख कीमत के 12 सौ नशीले इंजेक्शन के साथ सप्लायर अनूप गुप्ता व उसके जीजा को पकड़ा था। दोनों बतौली सहित आसपास क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन खपाने का काम करते थे। अनूप गुप्ता के बयान के आधार पर बीती रात संभागीय आबकारी व साइबर सेल की टीम ने मुख्य सप्लायर सहित उसके पार्टनर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

#### जारी रहेगा धर पकड़

संभाग में नशीले इंजेक्शन सहित गांजा व शराब की अवैध कारोबारियों की धरपकड़ जारी रहेगा। इस माह नशीले इंजेक्शन के तीन मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई और आगे भी धर पकड़ जारी रहेगा।

रंजीत गुप्ता,
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

---

### प्रेम संबंध होने के शक में युवती के प्रेमी ने की थी नृशंस हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरभंज डेम समीप जंगल में तीन दिन पूर्व मिली युवती की रक्तरंजित लाश के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है,प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29 जनवरी को पिंकी सोलंकी 22 वर्ष अपने घर से निकली थी जिसके देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई,अगले दिन 30 जनवरी को मोरभंज डेम के पास जंगल में युवती का शव मिला, जिसका गला धारदार हथियार से रेत दिया गया था,पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हेमंत उर्फ गोल 24 वर्ष मृतिका का प्रेमी था और उसे पत्नी की तरह लीव-इन रिलेशनशिप में रखे हुए था,आरोपी मृतिका के चरित्र पर शक करता था,29 जनवरी को अपने जन्मदिन का बहाना बनाकर वह पिंकी को मोटरसाइकिल से मोरभंज डेम ले गया, जहां केक काटने और शराब सेवन के बाद उसने पहले स्टॉल से गला घोंटा और फिर धारदार चाकू से गला रेतकर उसकी नृशंस हत्या कर दी,वारदात के बाद आरोपी हथियार को पानी में फेंककर मौके से फरार हो गया।

- तीन दिन पूर्व मोरभंज डेम समीप युवती की रक्तरंजिश लाश मिली थी

परिजनों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है,पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू व मोटरसाइकिल जप्त कर ली है,आरोपी प्रेमी हेमंत सोलंकी पिता कृष्ण कुमार सोलंकी, उम्र 24 वर्ष, निवासी पांडोपारा पटना (जिला कोरिया), स्थायी पता कुसमुसी, थाना भैयाथान, जिला सूरजपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है,मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत कार्रवाई की है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर ।** शुक्रवार की शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर केनापारा-तेलईकछार के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है,मृतक की पहचान राजेंद्र यादव पिता रघुनंदन यादव,निवासी पचिरा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे हुंडई कार क्रमांक CG 29 AD 3785 में सवार सुशील कुमार एवं सुंदर, निवासी हराटिकरा,अंबिकापुर की ओर जा रहे थे,इसी दौरान पान मसाला कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत राजेंद्र यादव अपनी बाइक से घर लौट रहा था,केनापारा में शेसमन साहू के घर के सामने तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया,टक्कर के बाद कार खड़ी बाइक से टकराते हुए जयप्रकाश साहू के मकान से जा भिड़ी, जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई,हादसे में गंभीर रूप से घायल राजेंद्र को इलाज के लिए अंबिकापुर ले जाया गया,जहां हालत गंभीर होने पर उसका दाहिना पैर को काटकर अलग करना पड़ा,उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई,निर्धन परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य खोने से परिजन गहरे सदमे में हैं,शनिवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया,पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त पैर को काटकर अलग करना पड़ा था

---

### केस में फंसाने की धमकी देकर प्रधान आरक्षक ने मांगी रिश्वत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** प्रेमिका की आत्महत्या के केस में युवक को फंसाने की धमकी देकर रिश्वत मांगने और फिर युवक द्वारा फांसी लगाने के मामले में पुलिस ने प्रधान आरक्षक के खिलाफ कार्रवाई की है। लखनपुर पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद प्रधान आरक्षक पन्ना लाल के खिलाफ आत्महत्या का मामला दर्ज किया है इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही है। बता दें कि लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम चुनकडांड निवासी 20 वर्षीय आशीष मिंज ने 5 अप्रैल 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

युवक का शव सड़क किनारे पेड़ से झूलता हुआ मिला था। इस दौरान मृतक के परिजन ने प्रधान आरक्षक पन्ना लाल पर 50 हजार रुपए रिश्वत मांगने व प्रताड़ति होकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया था। इस मामले में जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक मृतक आशीष मिंज का कोरबा की नाबालिग से प्रेम प्रसंग था और 20 नवम्बर 2024 को किशोरी अपने प्रेमी आशीष मिंज से मिलने पहुंच गई थी और अगले दिन उसने युवक के घर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी थी। पूछताछ में पता चला था कि आशीष मिंज की मां ने किशोरी को अपने घर में रखने से मना कर दिया था और युवक को उसे घर वापस छोड़कर आने को कहा था। इस मामले में मृतिका के परिजन ने आशीष मिंज और उसकी मां अलमा मिंज पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की थी और इसी मामले की जांच प्राधान आरक्षक पन्नालाल कर रहे थे।

### ग्रामीण ओलंपिक में छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़, पिकअप में ठूंस कर ले जाते हैं

हरिभूमि न्यूज. लखनपुर

विकासखंड लखनपुर के ग्राम पुहपुटरा में आयोजित ग्रामीण ओलंपिक प्रतियोगिता के दौरान स्कूली छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। शासन द्वारा खेलों को बढ़ावा देने और बच्चों को बेहतर भविष्य देने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है, लेकिन कुछ जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता के कारण छात्रों की जान जोखिम में डाली जा रही है।

31 जनवरी को जमदार स्कूल से लगभग 43 छात्रों को एक पिकअप वाहन में भरकर पुहपुटरा खेल मैदान ले जाया गया। वापसी के समय बच्चों को लखनपुर बस स्टैंड के पास उतार दिया गया। जिस तरह खुले पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंसकर बच्चों को ले जाया गया, वह बेहद खतरनाक है। आए दिन पिकअप वाहनों के हादसों में लोगों की जान जाने की खबरें आती रहती हैं। बावजूद इसके छोटे बच्चों को ऐसे असुरक्षित साधन से 30-40 किलोमीटर दूर भेजा जाना बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीण ओलंपिक में लखनपुर विकासखंड के दूरदराज के स्कूलों से बड़ी संख्या में छात्र भाग ले रहे हैं, लेकिन उनके आवागमन के लिए सुरक्षित बस या अन्य उचित साधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। अनजान और उत्साहित बच्चे खेलने के लिए तो पहुंच रहे हैं, परंतु जोखिम से पूरी तरह बेखबर हैं। ऐसे में यदि समय रहते सुरक्षा का उपाय नहीं किया गया तो कभी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ प्रकाश सिंह ने बताया कि ओलंपिक में जहां से भी बच्चे खेलने आ रहे हैं उनको सचिव को जिम्मेदारी दिया गया है कि खेलने वाला बच्चों को सुरक्षित लाना और ले जाना है।



### लेबर कोड से कोयला उद्योग में बड़ा बदलाव, बदलेंगे पदनाम


**बिश्रामपुर।** देश में लागू किए जा रहे नए लेबर कोड के तहत कोयला उद्योग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव तय माने जा रहे हैं,खासकर व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता के प्रभाव से न सिर्फ पदनामों में बदलाव होगा,बल्कि यूनियनों, समितियों और सुरक्षा तंत्र की भूमिका को लेकर भी नई बहस छिड़ गई है,सूत्रों के अनुसार लेबर कोड लागू होने के बाद ओवर मैन अब माइनिंग सुपरवाइजर कहलाएंगे, वहीं माइनिंग सरदार का पदनाम बदलकर असिस्टेंट माइनिंग सुपरवाइजर कर दिया जाएगा,यह बदलाव देशभर के कोयला क्षेत्रों सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में प्रभावी होने की संभावना है,बताया जा रहा है कि लंबे समय से डिग्रीधारी ओवरमैन की जगह माइनिंग इंजीनियर और डिप्लोमाधारी माइनिंग ऑफिसर,जबकि माइनिंग सरदारों के लिए माइनिंग असिस्टेंट या माइनिंग इंस्ट्रक्टर जैसे पदनामों की मांग उठती रही है,लेकिन नए लेबर कोड के तहत सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब ओवरमैन को माइनिंग सुपरवाइजर और माइनिंग सरदार को असिस्टेंट माइनिंग सुपरवाइजर के रूप में ही जाना जाएगा। नए लेबर कोड के तहत प्रत्येक इकाई में सुरक्षा समिति का गठन अनिवार्य होगा। इस समिति में कुल 20 सदस्य होंगे, जिसमें 10 सदस्य प्रबंधन पक्ष से और 10 सदस्य कामगार पक्ष से होंगे।

### सूखा विशाल पेड़ बना लोगों के लिए खतरा, कभी भी हो सकती है दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज. मानीचौक

मानीचौक में स्थित एक विशालकाय सेमर का पेड़ इन दिनों लोगों के लिए भय का कारण बना हुआ है। वर्षों पुराना यह पेड़ अब पूरी तरह सूख चुका है और इसकी एक-एक डाली कभी भी टूटकर गिर सकती है। इसके बावजूद न तो वन विभाग के अधिकारी इसे हटाने में रुचि ले रहे हैं और न ही पंचायत के जनप्रतिनिधि। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पेड़ के आसपास प्रतिदिन कई ग्रामीण सब्जी दुकान लगाते हैं। ऐसे में सुबह से शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बनी रहती है। सूखी और जर्जर पेड़ के नीचे बैठकर व्यवसाय करना दुकानदारों लिए खतरनाक हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि तेज हवा या हल्की आंधी में भी डालियां चरमराने लगती हैं, जिससे हर पल अनहोनी की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि विगत वर्ष बरसात के दौरान इस सेमर के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गया था जिससे पेड़ सूखने लगी है। पेड़ के सूख जाने से पेड़ का तना कमजोर हो चुका है और ऊपरी शाखाएं गिरने के कगार पर है। बावजूद इसके संबंधित विभागों द्वारा पेड़ को हटाने अब तक कोई पहल नहीं किया है।



लोगों का कहना है सूख चुके पेड़ को हटाने के लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और वन विभाग को इस समस्या से अवगत करा चुके है लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। किसी प्रकार की पहल नहीं करने से लोगों में आक्रोश है। क्षेत्र के लोगों ने सूखी पेड़ को जल्द से जल्द हटाने की मांग की है जिससे लोग राहत की सांस ले सके।

### धान खरीदी तिथि बढ़ाने कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज.रामचंद्रपुर।

बस स्टैण्ड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को धान खरीदी की तिथि में वृद्धि नहीं होने के विरोध में धरना-प्रदर्शन और सांकेतिक चक्का जाम किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के साथ कांग्रेस खड़ी है। सरकार धान खरीदी की तिथि बढ़ाए तथा समय पर खरीदी सुनिश्चित की जाए। कांग्रेसियों ने हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा केंद्र रामचंद्रपुर से स्थानांतरित किए जाने का विरोध किया तथा परीक्षा केंद्र रामचंद्रपुर में ही रखने की मांग की ताकि परीक्षार्थियों को दूर-दराज जाने से राहत मिल सके।

प्रदर्शनकारियों ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में 26 जनवरी को अश्लील गाने बजाकर छात्र-छात्राओं का नृत्य कराए जाने का विरोध किया मामले में दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, जनपद सदस्य मोहम्मद बख्श, जिला सदस्य साधना संतोष यादव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र यादव, लखन ठाकुर, रामचंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिजली विभाग ने नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सिलफिली वितरण केंद्र के कार्यालय परिसर में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के विकास में विद्युत वितरण व्यवस्था की भूमिका को रेखांकित करना तथा उपभोक्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा,समारोह के मुख्य अतिथि दितेश राय थे,अन्य अतिथियों में नैन साय सरपंच अजबनगर,दाउत एक्का सरपंच आमगांव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतीक बारा सहायक अभियंता उपसंभाग बिश्रामपुर द्वारा की गई,मुख्य अतिथि दितेश राय ने कहा कि बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सिलफिली वितरण केंद्र ने क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411